



## एक नजर में

### शराब पीने से मना करने पर मारपीट

**गुना।** बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम छीपोन में दबंगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि शराब के नशे में धुत होकर उत्पात मचाने से रोकने पर एक परिवार के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। गाली-गलौज का विरोध करने पर भाई-बहन सहित पूरे परिवार पर 8 से 10 लोगों ने हमला बोल दिया, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

घटना गुरुवार, 7 मई की रात करीब 8 बजे की है। ग्राम छीपोन में गांव के ही कुछ लोग शराब के नशे में गली में आकर गाली-गलौज कर रहे थे। इसी दौरान वहां अपने भाई के घर रह रही चेना बाई सहरिया और उसके भाई हरीराम सहरिया ने उन्हें टोकते हुए मना किया। इतना सुनते ही आरोपी आग बबूला हो गए और उन्होंने अपने अन्य साथियों को बुलाकर लाठी-डंडों और लातों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में भाई हरीराम और बहन चेना बाई गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**गुना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा-निर्देशों के तहत वर्ष 2026 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार, 9 मई को जिला न्यायालय गुना सहित चांचौड़ा, राघौगढ़ और आरोन के सभी सिविल न्यायालयों में किया जा रहा है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में आयोजित इस लोक अदालत में पूरे जिले के लिए कुल 25 खंडपीठों का गठन किया गया है, जो आपसी समझौते के आधार पर लंबित मामलों का निराकरण करेंगी। आप भी अपने मामलों का निराकरण करा सकते हैं।

# गुना में 10 मई को औद्योगिक क्रांति का आगाज


## मुख्यमंत्री यादव और केंद्रीय मंत्री सिंधिया करेंगे 1100 करोड़ के अडानी सीमेंट प्लांट का शिलान्यास

नवभारत न्यूज

**गुना 8 मई का। गुना जिला आगामी 10 मई को एक ऐतिहासिक औद्योगिक बदलाव का साक्षी बनने जा रहा है। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक साझा मंच से जिले को बड़ी सौगात देंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, रविवार को अडानी समूह द्वारा स्थापित किए जा रहे अत्याधुनिक सीमेंट प्लांट का शिलान्यास और विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा।**

ग्वालियर-चंबल संभाग के लिए यह पहला बड़ा सीमेंट प्लांट होगा, जो क्षेत्र में औद्योगिक विकास और आधारभूत संरचना को नई गति देगा। अडानी समूह ने गुना क्षेत्र में कुल 3500 करोड़ रुपये के निवेश का संकल्प लिया है, जिसके पहले चरण में लगभग 1100 करोड़ रुपये की लागत से ग्राम मावन (गुना विधानसभा) में अत्याधुनिक सीमेंट पैकेजिंग प्लांट स्थापित किया जा रहा है। यह परियोजना ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रत्यक्ष प्रयासों और अडानी समूह के साथ निरंतर संवाद का परिणाम मानी जा रही है। साथ ही, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भूमि आवंटन और राज्य स्तर की जटिल प्रक्रियाओं को सुगम बनाने से इस बड़े निवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस उद्योग के आने से स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में सम्मानजनक रोजगार के अवसर मिलेंगे और उन्हें पलायन नहीं करना पड़ेगा।





**दशहरा मैदान में विशाल जनसभा और रोड शो**

10 मई के कार्यक्रम को लेकर शहर में भारी उत्साह देखा जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया हवाई पट्टी से सड़क मार्ग द्वारा लाल परेड ग्राउंड पहुंचेंगे। इसके बाद एक विशाल 'रोड शो' आयोजित किया जाएगा, जो शहर के कैंट थाना क्षेत्र, सदर बाजार और पुलिस लाइन होते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल दशहरा मैदान पहुंचेगा। दोपहर 2 बजे से दशहरा मैदान में एक विशाल जनसभा आयोजित होगी, जिसमें उद्योगपति गौतम अडानी की गरिमामयी उपस्थिति भी संभावित है। इस अवसर पर विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ का वितरण भी किया जाएगा।

**नपाध्यक्ष ने किया जनसंपर्क, शहरवासियों से की अपील**

कार्यक्रम की भव्यता सुनिश्चित करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष ने शहर के विभिन्न वार्डों में सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें। उन्होंने कहा कि 1100 करोड़ का यह निवेश न केवल रोजगार सृजित करेगा, बल्कि गुना की आर्थिक तस्वीर को भी बदल देगा। नगर पालिका और प्रशासन की टीमें आयोजन की तैयारियों में पूरी मुस्तैदी से जुटी हुई हैं।

**कई दिग्गज राजनेता और जनप्रतिनिधि रहेंगे मौजूद**

इस भव्य समारोह में प्रदेश शासन के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, क्षेत्रीय सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे। यह आयोजन न केवल गुना के लिए बल्कि पूरे मध्य प्रदेश के लिए औद्योगिक विकास का एक नया मील का पत्थर साबित होगा, जहाँ 'विरासत से विकास' की यात्रा अब औद्योगिक प्रगति के साथ कदम मिला रही है।

# नानाखेड़ी मंडी में किसानों से गाली-गलौच का वीडियो वायरल

नवभारत न्यूज

**गुना। जिले की नानाखेड़ी कृषि उपज मंडी इन दिनों भ्रष्टाचार और दबंगई का अखाड़ा बन गई है। मंडी के शासकीय तौल कांटे पर किसानों के साथ कथित तौर पर न केवल अवैध वसूली की जा रही है, बल्कि विरोध करने पर उनके साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार भी किया जा रहा है। मंडी परिसर से किसानों के साथ गाली-गलौंच का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।**

मंडी में अपनी फसल लेकर आए किसानों ने आरोप लगाया है कि शासकीय तौल कांटे पर खुलेआम दलाली चल रही है। किसानों का दावा है कि प्रत्येक ट्रॉली की तुलाई के बदले उनसे 5-5 हजार रुपये की मांग की जा रही है। किसान रामा बंजारा ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा, मैं पिछले चार दिनों से गेहूं लेकर खड़ा हूं, लेकिन बिना पैसे दिए मेरी तुलाई नहीं की जा रही है। गरीब किसान जाए तो कहां जाए? मामले में चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि तौल कांटे पर तुलाई का काम मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के एक कर्मचारी का भतीजा कर रहा है। आरोप है कि वह कर्मचारी भी ड्यूटी के बजाय कांटे पर ही मौजूद रहता है और किसानों के साथ बदतमीजी करता है। वायरल वीडियो में आरोपी कर्मचारी और उसके साथी किसानों को खुलेआम चुनौती देते नजर आ रहे हैं। आरोपी ने अहंकार की सारी सीमाएं लांघते हुए किसानों से कहा-चाहे कलेक्टर के पास चले जाओ और मेरा नाम बता देना, देखता हूं कौन क्या कर लेता है। किसानों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की घटनाएं भी सामने आई हैं। जब किसानों ने अवैध वसूली का विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट पर उतारू हो गए। वीडियो में आरोपी चिल्लाते हुए कह रहा है- चाहे मंत्री को बुला लो या विधायक को, यहां तो ऐसा ही चलेगा। परेशान किसानों ने इस पूरी घटना और गाली-गलौज का वीडियो बनाकर सीधे कलेक्टर को भेजा है। किसानों की मांग है कि मंडी में सक्रिय इन भ्रष्ट कर्मचारियों और दलालों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए ताकि किसानों का शोषण रुक सके।

# वार्ड 8 स्थित आम वाली माता मंदिर में तीसरी बार चोरी



नवभारत न्यूज

**गुना।** शहर के वार्ड क्रमांक 8 स्थित जोगी मोहल्ला के आम वाली माता मंदिर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस की कथित लापरवाही और कार्रवाई न होने के कारण चोरों ने एक बार फिर मंदिर को निशाना बनाया है। इस बार चोर भगवान शंकर के ऊपर लगा करीब 5 किलो वजनी पीतल का घंटा चोरी कर ले गए। मंदिर के पुजारी निरंजन योगी ने कोतवाली में शिकायती आवेदन देकर बताया कि मंदिर में चोरी की यह तीसरी घटना है। इससे पहले भी मंदिर से कलश और तांबे के बर्तन आदि चोरी हो चुके हैं।

**पुलिस की निष्क्रियता से श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश**

पुजारी का आरोप है कि तीनों बार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन पुलिस का एक भी सिपाही अब तक मौके का मुआयना करने नहीं पहुंचा है। पुलिस की इसी निष्क्रियता के कारण चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा घटना में चोरों ने मंदिर के पीछे लगे ताले को निशाना बनाया और 5 किलो का घंटा पार कर दिया। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर के आसपास आए दिन असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे न केवल मंदिर की सुरक्षा को खतरा है, बल्कि दर्शन के लिए आने वाली महिला श्रद्धालुओं को भी भारी परेशानी और असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। बार-बार हो रही चोरी और पुलिस द्वारा घटनास्थल तक न पहुंचने को लेकर श्रद्धालुओं में गहरा रोष है। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस समय रहते गश्त बढ़ाती या पिछली शिकायतों पर कार्रवाई करती, तो इस तीसरी वारदात को रोका जा सकता था। मंदिर समिति और वार्डवासियों ने जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने और मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।



# कन्या विद्यालय को समाजसेवी ने दिया वॉटर कूलर

**गुना।** समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी और वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह सिसौदिया द्वारा जनहित के कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैंट में छात्राओं के लिए वाटर कूलर भेंट किया गया है। भीषण गर्मी के इस मौसम में शीतल जल की व्यवस्था होने से विद्यालय की सैकड़ों बालिकाएं लाभान्वित होंगी। वाटर कूलर के विधिवत उद्घाटन के दौरान विद्यालय की प्राचार्य आरती ने समाजसेवी सिसौदिया को स्कूल की अन्य समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कक्षाओं में छात्राओं के लिए कम से कम 10 नए पंखों की आवश्यकता है। इस पर संवेदनशीलता दिखाते हुए वीरेंद्र सिंह सिसौदिया ने घोषणा की कि महेंद्र सिंह ठाकुर की स्मृति में स्कूल को जल्द ही 10 पंखे उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही उन्होंने जर्जर हो रही स्कूल की छत की मरम्मत का कार्य भी अपने निजी व्यय से कराने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर पार्षद तरुण सेन भी मौजूद रहे। बता दें कि समाजसेवी वीरेंद्र सिंह सिसौदिया द्वारा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जल सेवा की जा रही है। उनके द्वारा अब तक कुल 11 वाटर कूलर सार्वजनिक स्थानों पर लगवाए जा चुके हैं।

# आरोन एसडीएम महिमा चौधरी ने किया आरोन मंडी का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**गुना।** एसडीएम महिमा चौधरी ने शुक्रवार को कृषि उपज मंडी आरोन का औचक निरीक्षण कर नीलामी प्रक्रिया और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी में सुचारू आवागमन बाधित करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मंडी में अपनी उपज लेकर आए किसानों से सीधे चर्चा की। उन्होंने किसानों से पूछा कि नीलामी प्रक्रिया सही ढंग से चल रही है या नहीं और उन्हें भुगतान या अन्य किसी सुविधा में कोई परेशानी तो नहीं आ रही है। किसानों ने अपनी कुछ समस्याएं उनके समक्ष रखीं, जिसके त्वरित निराकरण के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। मंडी परिसर में सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम ने परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियां गलत तरीके से खड़ी पाई गईं, जिससे मंडी में जाम की स्थिति बन रही थी। एसडीएम के निर्देश पर इन वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार अमित जैन, प्रभारी मंडी सचिव प्रदीप तिवारी सहित मंडी की टीम मुस्तैद रही। एसडीएम ने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि नीलामी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सुरक्षा के साथ-साथ स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

# बमौरी में नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में जिले में नाबालिगों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर पुलिस सख्त रुख अपना रही है। इसी कड़ी में बमौरी थाना पुलिस ने एक 17 वर्षीय किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले के अनुसार, 7 मार्च 2026 को बमौरी थाने में एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तत्काल अज्ञात के विरुद्ध अपहरण की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर बालिका की तलाश शुरू की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर और एसडीओपी विवेक अष्ठाना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दिलीप राजौरिया और उनकी टीम लगातार सक्रिय रही। पुलिस की सघन तलाश के बाद 6 मई 2026 को बालिका को गुजरात के भरूच जिले से सुरक्षित बरामद (दस्तयाब) किया गया। दस्तयाबी के बाद पीड़िता ने अपने बयानों में खुलासा किया कि आरोपी नितिन उर्फ प्रियांशु भिलाला उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और उसके साथ गलत काम (दुष्कर्म) किया। पीड़िता के बयानों के आधार पर पुलिस ने मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराएं बढ़ाईं।



पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नितिन उर्फ प्रियांशु पुत्र मांगू भिलाला (23 वर्ष), निवासी ग्राम ध्रुवघटा डेहरा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को आज 8 मई 2026 को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

### स्लॉट खत्म होने पर भी नहीं रुकेगी गेहूं की तुलाई

**गुना।** समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के दौरान केंद्रों पर उमड़ रही किसानों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने एक बड़ा और राहतकारी निर्णय लिया है। अब उन किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है जिनकी स्लॉट की समय-सीमा (अंतिम तिथि) समाप्त हो रही है, लेकिन भीड़ के कारण उनकी तुलाई नहीं हो पाई है। वर्तमान में उपार्जन केंद्रों पर किसानों की अत्यधिक आवक हो रही है। इस कारण कई बार किसान का स्लॉट समाप्त होने वाला होता है।

# मूर्तियां बनाने का सामान जलकर हुआ राख

**गुना।** म्याना से 5 किलोमीटर दूर ग्राम लहरघाट में एक मूर्तिकार के घर में अचानक आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। इस घटना में आंगन में रखा मूर्ति निर्माण का कीमती सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। पीड़ित मूर्तिकार गुड़िया बाई पत्नी अशोक प्रजापति निवासी लहरघाट ने बताया कि घटना के समय परिवार के सभी सदस्य खेत पर ईंट बनाने गए हुए थे। इसी दौरान उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनके घर में आग लग गई है। जब तक वे मौके पर पहुंचे, आग विकराल रूप ले चुकी थी और घर से ऊंची लपटें उठ रही थीं। आग कैसे लगी, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तत्परता दिखाई और अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश शुरू की। ग्रामीण पंप, मोटर और नल के जरिए पानी डाल रहे थे, लेकिन इसी बीच लाईट चली गई, जिससे आग बुझाने का प्रयास बीच में ही रुक गया। बिजली गुल होने और आग के बेकाबू होने पर तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। दमकल की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक आंगन में रखा मूर्ति बनाने का सारा सामान जल चुका था, जिससे मूर्तिकार परिवार को बड़ा आर्थिक झटका लगा है।

**अव्यवस्था** — बिल भरने के बाद भी अंधेरे में बरबन गांव

# मेंटेनेंस के नाम पर अघोषित कटौती से बरबन के ग्रामीण बेहाल

नवभारत न्यूज

**गुना। भीषण गर्मी के दौर में बमोरी जनपद की बरबन पंचायत के ग्रामीण बिजली विभाग की मनमानी और अघोषित कटौती से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का दावा है कि गांव का 80 प्रतिशत से अधिक बिजली बिल जमा होने के बावजूद विभाग द्वारा करार्खेड़ा फीडर से बरबन गांव की सप्लाई काट दी गई है। इस कटौती ने न केवल घरों को अंधेरे में डुबो दिया है, बल्कि पेयजल और सिंचाई का संकट भी खड़ा कर दिया है।**

समस्या से आक्रोशित बरबन और करार्खेड़ा फीडर से जुड़े ग्रामीणों ने फतेहगढ़ विद्युत केंद्र और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से पंप लाइन की सप्लाई पूरी तरह बंद है। यदि लाइन में कोई खराबी आती है, तो ग्रामीणों को खुद ही उसे ठीक करना पड़ता है, लेकिन लाइन चालू होते ही महज 10 मिनट के भीतर दोबारा काट दी जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने जेई निकिता नेती को कई बार अवगत कराया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। पेयजल संकट और मूंग की फसल को हो रहे नुकसान से परेशान ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।



**ऑपरेटर के दावों पर सवाल**

करार्खेड़ा फीडर पर तैनात ऑपरेटर दीपेश का दावा है कि फीडर से कोई कटौती नहीं की जा रही है और केवल तार टूटने के कारण समस्या आ रही है। उनका कहना है कि पंप लाइन में 7 से 11 घंटे बिजली दी जा रही है। हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि ऑपरेटर दीपेश पहले भी अपनी मनमानी और अघोषित कटौती के लिए विवादों में रहे हैं।

**'झूठी शिकायत' के जरिए दबाव बनाने का आरोप**

ग्रामीण देवेन्द्र, बाबूलाल और गुलाबचंद ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब कोई ग्रामीण बिजली जुड़वाने फीडर पर जाता है, तो वहां मौजूद कर्मचारी अपनी गलती छिपाने के लिए उल्टा ग्रामीणों पर ही तोड़फोड़ और मारपीट का आरोप लगा देते हैं। थाने में झूठी शिकायत दर्ज कराने की धमकी देकर ग्रामीणों पर दबाव बनाया जाता है। इस खींचतान के बीच मूंग की फसलें सूख रही हैं और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।

**कोई कटौती नहीं है**

गांव की पंप लाइन चालू है, कोई कटौती नहीं की गई है। खराब मौसम के कारण तार टूटने से तकनीकी समस्या आ रही है। नियमानुसार फीडर से बिजली सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है।

**निकिता नेती**
**जे.ई., फतेहगढ़ विद्युत केंद्र**

# जज्जी बस स्टैंड पर 120 किलो संदिग्ध मावा जब्त, मिलावटखोरों पर लगा भारी जुर्माना

**गुना।** मिलावट के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर के जज्जी बस स्टैंड पर बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश और अभिहित अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषीश्वर के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में भारी मात्रा में संदिग्ध मावा जब्त कर जांच के लिए भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बसों के जरिए जिले में संदिग्ध मावा लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने जज्जी बस स्टैंड पर बसों की सघन चेकिंग शुरू की। इस दौरान स्टैंड पर रखा 120 किलोग्राम संदिग्ध मावा बरामद किया गया। पुरानी गल्ला मंडी के मावा व्यापारी अतुल कुमार जैन ने उक्त मावे पर अपना मालिकाना हक जताया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मौके पर ही मावे के नमूने (सैंपल) लिए और उन्हें गुणवत्ता की जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। मिलावटखोरी के पुराने मामलों में एडीएम न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित फर्मों पर भारी अर्थदंड अधिरोपित किया है। विजय मिष्ठान भंडार (पुरानी गल्ला मंडी, गुना) पर अवमानक (सब-स्टैंडर्ड) मावा पाए जाने पर 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। राधे कारगो (गुना) एवं राघव माधव फूड प्रोडक्ट्स (ग्वालियर) फर्मों पर अवमानक मावा के प्रकरण में कुल 80 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। इसके अतिरिक्त, खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पूर्व में अवमानक पाए गए 2 क्विंटल (200 किलो) मावे को नष्ट कराया है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 50 हजार रुपये आंकी गई है।

# मंडी गेट के पास जनरल स्टोर में लगी भीषण आग, 15 लाख का नुकसान

नवभारत न्यूज

**गुना। गुना में मंडी गेट के पास मंदिर घाट स्थित एक जनरल स्टोर में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में दुकान के अंदर रखा कीमती सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। शुरुआती अनुमान के अनुसार, दुकानदार को करीब 15 लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है।**

घटना सुबह करीब 5 बजकर 45 मिनट की है। राधा रानी जनरल स्टोर के मालिक देवेन्द्र प्रजापति को सूचना मिली कि उनकी दुकान से धुएं का गुबार उठ रहा है। आनन-फानन में जब उन्होंने मौके पर पहुंचकर शटर खोला, तो अंदर का मंजर भयावह था। पूरी दुकान आग की लपटों और काले धुएं से घिरी हुई थी।



आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दुकान में रखे महंगे कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और फर्नीचर ने तुरंत आग पकड़ ली। देखते ही देखते सब कुछ राख में तब्दील हो गया। हालांकि, इस आपदा के बीच दुकानदार देवेंद्र प्रजापति ने साहस और तत्परता का परिचय दिया। अपनी जान जोखिम में डालकर उन्होंने दुकान का मुख्य काउंटर बाहर खींच लिया, जिससे उसमें रखी नगदी जलने से बच गई। इस प्रयास में दुकानदार का हाथ भी मामूली रूप से झुलस गया है। फिलहाल आग लगने की वजह सामने नहीं आई है। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने के प्रयास किए गए, लेकिन तब तक अधिकांश नुकसान हो चुका था।